दिनांक 26 सितंबर 2021

स्वच्छ और सुंदर भिलाई

सभी जोन कार्यालय में पहुंचे आयुक्त श्री प्रकाश सर्वे , सुबह से शाम तक चली बैठक , जोन के प्रत्येक काम पर की समीक्षा, हर कार्य के लिए डेडलाइन तय कर कार्य करने के दिए निर्देश

लोक सेवा गारंटी के कर्मचारी के गोलमोल जवाब से भड़के आयुक्त

भिलाई नगर/ नगर निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे ने शनिवार को सभी जोन कार्यालय में पहुंचकर हर काम की समीक्षा की! निचले लेवल के कर्मचारियों से लेकर बड़े अधिकारियों से उन्होंने उनके कार्यों को लेकर बात की! हर छोटी बड़ी समस्या को उन्होंने पूछा! सबसे अहम मुद्दा था पेयजल समस्या का! उन्होंने कहा कि मूलभूत सुविधा सबसे आवश्यक कार्य है , पेयजल और सफाई का कार्य महत्वपूर्ण है! इस पर उन्होंने प्रत्येक जोन कमिश्नर एवं जल विभाग के अधिकारियों से काफी देर तक चर्चा की! समस्याओं को कैसे सुलझाया जा सकता है उस पर बात की! अमृत मिशन अंतर्गत डिस्ट्रीब्यूशन पाइपलाइन एवं बूस्टर पाइपलाइन जैसे कार्यों पर उन्होंने अति शीघ्र परिणाम देने के निर्देश दिए! उन्होंने कहा कि टैंकर मुक्त दिशा में काम करना है! ग्रीष्म ऋतु से पहले सारे काम समय पर होने चाहिए! परंतु जो काम शीघ्र किए जा सकते हैं उसमें विलंब न करें , निरंतर उन्होंने पेयजल के मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए! उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि जिन क्षेत्रों में पानी के अत्यंत समस्या है वहां पर अन्य जल स्रोत के माध्यम से वैकल्पिक व्यवस्था कर जल प्रदाय करें! पट्टा वितरण पर उन्होंने सभी जोन आयुक्तों को निर्देश दिए कि यह कार्य शासन के महत्वपूर्ण कार्य है, इस पर सहायक राजस्व अधिकारी प्रतिदिन कार्य करें! उन्होंने निर्देश दिए कि सभी जोन कमिश्नर एवं उनकी टीम प्रकाश व्यवस्था दुरुस्त करें , त्योहारी सीजन को देखते हुए कहीं भी अंधेरा पसरा न रहे! इसके लिए उन्होंने सर्वे कर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए हैं!

जनसंपर्क अधिकारी